उत्तराखंड क्रांति दल के नेतृत्व में शिक्षा सचिव सुंदरम से मिले डीएलएड प्रशिक्षित।



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### श्रद्धापूर्वक मनाया जाएगा श्री गुरुनानक देव का प्रकाश पर्व

**संवाददाता** देहरादून। श्री गुरु नानक देव जी का 30 नवम्बर 2020 को मनाए जाने वाला पावन प्रकाश पर्व श्रद्धा एवं सादगी पूर्वक मनाया जाएगा। यहां गुरद्वारा श्री गुरु नानक निवास पर हुई देहरादून के सभी गुरद्वारों एवं जत्थेबंदियों की मीटिंग में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि कोरोना वायरस कोविड 19 संक्रमण के चलते श्री गुरुनानक देव का पावन प्रकाश पूर्व सरकार द्वारा दिये गये गाइड लाइन का पूर्ण पालन करते हुए मनाया जायेगा। बैठक में श्री गुरु नानक देव के पावन प्रकाश पूर्व पर निकलने वाला महान नगर कीर्तन इस वर्ष नहीं निकलेगा।

### भारत की वैचारिक मुख्य धारा पर मेयर ने डाला प्रकाश

**संवाददाता** देहरादून। मेयर सुनील उनियाल गामा ने भारतीय जनता पार्टी अंबेडकर नगर में आयोजित मंडल प्रशिक्षण वर्ग शिविर में प्रतिभाग किया। इस अवसर उन्होंने मुख्य वक्ता के रूप में अपने उद्बोधन में आज के भारत की वैचारिक मुख्य धारा हमारी मुख्यधारा विषय पर श्रोताओं के मध्य प्रकाश डाला। मेयर सुनील उनियाल गामा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में आज का भारत निश्चित रूप से पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ विकास के नित नए आयाम स्थापित कर रहा है।

### लो वोल्टेज पर किया किसानों ने बिजली विभाग का घेराव

**संवाददाता** डोईवाला। रानीपोखरी के लिस्ट्राबाद ग्राम सभा के किसानों द्वारा बिजली विभाग के एक्शन का घेराव किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि लगातार इस प्रकार की समस्यायें पैदा हो रही है जिससे ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड रहा है और लो वोल्टेज के कारण ग्रामीण परेशान है। इस अवसर पर ग्राम प्रधान लिस्ट्राबाद वंदना देवी, उप प्रधान संदीप भट्ट आदि शामिल थे।

### भारत में पेश हुई नई बीएमडब्ल्यू एक्स3 एम

**संवाददाता** देहरादून। बीएमडब्ल्यू इंडिया ने आज नई बीएमडब्ल्यू एक्स3 एम को लॉंच करके मध्यम आकार के स्पोर्ट्स ऐक्टिविटी व्हीकल सेग्मेंट में अपनी उच्च कार्यक्षमता वाले मॉडलों की कतार में पहली एम कार की पेशकश की है। नई बीएमडब्ल्यू एक्स3 एम की बनावट ऐसी है जो असाधारण परफॉर्मेन्स के गुणों से लैस है। इसमें एक उच्च कार्यप्रदर्शन वाली कार की क्रियात्मक अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए चौकोर गीयर की खास विशेषता सम्मिलित है। नई बीएमडब्ल्यू एक्स3 एम अब कंप्लीटली बिल्ट–अप यूनिट के रूप में देश के सभी बीएमडब्ल्यू डीलरशिप में मिल रही है।

## नागरिकों की सुविधा को 'अपणि सरकार' ऑनलाईन सर्विस पोर्टल का विकास

**निर्देश**

■ मुख्यमंत्री के निर्देश पर अपणि सरकार ऑनलाईन सर्विस पोर्टल के लिए विभागों के साथ लगातार ली जा रही हैं बैठकें

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में दिनांक 16.09.2020 को आहूत बैठक में नागरिकों को सुविधाजनक रूप से सेवायें उपलब्ध कराये जाने हेतु "अपणि सरकार" ऑनलाईन सर्विस पोर्टल को विकसित किये जाने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। उत्तराखण्ड सेवा का अधिकार अधिनियम, 2011 के अंतर्गत अधिसूचित सेवाओं सहित लगभग 250 सेवाओं को इस पोर्टल के अंतर्गत लाया जाना है, जिस हेतु राज्य सरकार ने दिनांक 30.09.2020 को शासनादेश जारी कर विभागाध्यक्षों को नोडल ऑफिसर घोषित करते हुए उत्तराखण्ड सेवा का अधिकार आयोग को विभागाध्यक्षों के साथ बैठक करने हेतु अधिकृत किया है। पोर्टल का विकास ITDA के तत्वाधान में छप्ब द्वारा किया जाना है। राज्य सरकार द्वारा जनहित के उक्त महत्वपूर्ण निर्णय के क्रम में एस रामास्वामी, मुख्य आयुक्त की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों के साथ अपणि सरकार एवं सेवा के अधिकार के संबंध में बैठकें की जा रही है।

**गृह विभाग के साथ बैठक**

गृह विभाग के साथ बैठक में पुलिस अधीक्षक सहित थाना स्तर तक के कार्मिक उपस्थित रहे। जिला प्रशासन, देहरादून का प्रतिनिधित्व अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं प्रशासन) द्वारा किया गया। पुलिस विभाग की 10 अधिसूचित सेवाएं वर्तमान में केंद्रीयकृत ऑनलाईन App (देवभूमि) द्वारा तथा कतिपय सेवाएं अपराध एवं अपराधी ट्रेकिंग नेटवर्क के माध्यम से नागरिकों को ऑनलाईन प्रदान की जा रही हैं। चूँकि गृह मंत्रालय द्वारा संचालित CCTNS तथा केंद्रीयकृत ऑनलाईन App NIC द्वारा निर्मित हैं, अतः इनके "अपणि सरकार" पोर्टल से इंटीग्रेशन तथा डेटाफ्लो सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक कार्यवाही के संबंध में NIC को निर्देशित किया गया। उत्तराखण्ड राज्य में पहाड़ी क्षेत्रों में राजस्व पुलिस एवं मैदानी क्षेत्रों में रैगुलर पुलिस की व्यवस्था है।

**राजस्व विभाग के साथ बैठक**

राजस्व विभाग के साथ बैठक में ITDA एवं NIC सहित गढ़वाल मण्डल के देहरादून जनपद के अधिकारी व्यक्तिगत रूप से तथा कुमाँऊ मण्डल के नैनीताल जनपद के अधिकारी वीडियो कॉंफ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित हुए।

बैठक के दौरान सेवाओं के वर्कफ्लो, आवेदन–प्रारूपों, अतिरिक्त सेवाओं को जोड़े जाने आदि के संबंध में चर्चा हुयी।

आयोग ने पाया कि सामान्य जाति प्रमाण–पत्र की सेवा के संबंध में शासनादेश का अभाव है। हैसियत प्रमाण–पत्र की सेवा में भवनों के आंकलन के संबंध में प्रक्रियात्मक सुधार आवश्यक है तथा राजस्व मैनुअल्स के अनुसार प्रत्येक 06 वर्ष में नयी खतौनी तैयार की जानी प्राविधानित है परंतु यह कार्य दृढतापूर्वक नहीं किया जा रहा है। अतः इन विषयों पर आयोग ने राज्य सरकार को सुविचारित शासनादेश जारी करने हेतु अपनी संस्तुति प्रेषित कर दी है।

बैठक के दौरान 05 नयी सेवाओं को अधिसूचित किये जाने हेतु चिन्हित किया गया। पोर्टल पर कतिपय विशेष प्राविधान यथा फोटो सहित अथवा फोटो रहित प्रमाण–पत्र प्राप्त करने की सुविधा तथा पूर्व में जारी किसी प्रमाण–पत्र के गुम होने नष्ट होने/अपठनीय/खराब हो जाने की दशा में नागरिकों को द्वितीय प्रति प्रिंट करने की सुविधा देने हेतु ITDA एवं NIC को निर्देशित किया गया। बैठक का कार्यवृत्त मुख्य आयुक्त के अनुमोदनोपरांत संबंधितों को कार्यवाही हेतु जारी किया जा चुका है।

**MDDA तथा अन्य जिला विकास प्राधिकरणों के साथ बैठक**

MDDA तथा अन्य जिला विकास प्राधिकरणों के साथ आयोजित बैठक के दौरान अधिसूचित सेवाओं के वर्कफ्लो, आवेदन–प्रारूपों, अतिरिक्त सेवाओं को जोड़े जाने आदि के संबंध में पुनः चर्चा हुयी। आयोग ने पाया कि आवास विभाग की सेवाओं यथा आवासीय एवं व्यवसायिक मानचित्र स्वीकृति, कार्यपूर्ति प्रमाण–पत्र आदि से संबंधित शासनादेश उपलब्ध नहीं है। यह निर्णय हुआ कि MDDA तथा आवास विभाग द्वारा प्रत्येक सेवा का वर्कफ्लो तथा सेवा से संबंधित ठलम–सूं की प्रति आयोग को शीघ्र उपलब्ध करायी जायेगी। उपाध्यक्ष, डक्क। द्वारा नागरिकों के हित में निम्न निर्णय लेते हुए उन पर शीघ्र कार्य करने का आश्वासन दिया गया जिन आवेदकों को स्वीकृति हेतु मानचित्र ऑनलाईन अपलोड करने अथवा ऑनलाईन फीस भुगतान करने में कठिनाई हो, उनके लिए MDDA में एक सुविधा–डेस्क स्थापित की जायेगी।

## वोकल फॉर लोकल की दिशा में एक अच्छा प्रयास

**उद्घाटन**

■ कृषि तथा अन्य उत्पादों के विक्रय केन्द्र "माई रिफिल स्टोर" का उद्घाटन

देहरादून। **संवाददाता**



मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने राजपुर रोड, देहरादून स्थित एक स्थानीय होटल में उत्तराखण्ड वन संसाधन प्रबन्धन परियोजना के तत्वाधान में वन पंचायतों में गठित महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार किये गये कृषि तथा अन्य उत्पादों के विक्रय केन्द्र "माई रिफिल स्टोर" का उद्घाटन किया।

मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि राज्य सरकार ने सभी विभागों को राज्य में लोगों के लिए स्वरोजगार उपलब्ध कराने के लिए टारगेट दिये गये हैं। किस तरह से लोगों की आजीविका में वृद्धि की जा सकती है और महिला स्वयं सहायता समूहों की भागीदारी कैसे और बढ़ाई जा सकती है। इस दिशा में अनेक प्रयास किये जा रहे हैं।

जायका के द्वारा स्थानीय आउलेट का उद्घाटन किया गया है, इससे किसानों एवं इस क्षेत्र में कार्य करने वालों को तो फायदा होगा ही साथ ही जो लोग उत्तराखण्ड के स्थानीय उत्पादों को खरीदना चाहते हैं, उन्हें आसानी से उपलब्ध होंगे। यह प्रधानमंत्री के वोकल फॉर लोकल की दिशा में एक अच्छा प्रयास है।

वन विभाग के सहयोग से वन पंचायतों को स्वावलंबी बनाने एवं उत्तराखण्ड के स्थानीय उत्पादों को बेहतर मार्केटिंग की दिशा में प्रयास किये जा रहे हैं।

इस अवसर पर वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. हरक सिंह रावत, विधायक श्री गणेश जोशी, मेयर श्री सुनील उनियाल गामा, प्रमुख सचिव वन श्री आनन्द वर्द्धन, प्रमुख वन संरक्षक श्रीमती रंजना काला एवं अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

## खुले स्कूल सीमित संख्या में पहुंचे छात्र छात्रायें

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश भर में तमाम स्कूलों को खोले जाने के सरकार की ओर से आदेश जारी किए गए थे और मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत एवं शिक्षा मंत्री ने स्कूलों को खोले जाने की पुष्टि की है। लेकिन उसके बावजूद भी सरकारी स्कूलों के साथ ही चंद प्राइवेट स्कूलों को छोड़कर कहीं भी स्कूल संचालित नहीं हो रहे हैं और ऐसे में अभी प्राइवेट स्कूलों को बंद ही रखा गया है। इस अवसर पर बताया गया है कि प्राइवेट स्कूल संचालकों के अनुसार अभिभावक अभी अपने बच्चों को स्कूल भेजने को तैयार नहीं है जिसके चलते प्राइवेट स्कूलों को नहीं खोला जा रहा है वही देहरादून के राजपुर रोड स्थित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में आज पहले दिन छात्राओं में खासा उत्साह देखने को मिला और दसवीं एवं 12वीं कक्षाओं में साल के शुरुआती दौर में वहां भी 20 से 30 प्रतिशत छात्रायें ही स्कूल पहुंच सके।




**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।